# कॉलेजों में होगा अपना स्टार्टअप सेंटर

## आईआईटी कानपुर, एसबीईआरटीसी, सिडबी इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर और टाई यूपी देंगे मदद

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर।

शहर के सभी इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट व डिग्री कॉलेजों में अपना खुद का स्टार्टअप सेंटर शुरू करने का सपना अब पूरा हो जाएगा। इसके लिए आईआईटी कानपुर, एसबीईआरटीसी, सिडबी इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर और टाई यूपी हर तरह की मदद देंगे। फिर चाहे वह आर्थिक, तकनीकी सहायता हो या फिर गाइडेंस की। यह जानकारी शनिवार को आईआईटी कानपुर के एसबीईआरटीसी और सिडबी इनोवेशन के मुख्य अधिकारी प्रो. बीवी फड़ी ने कहीं। वे आईआईटी परिसर में आयोजित 'उत्थान अ स्टार्टअप निर्माण' की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

प्रो. फड़ी ने कहा कि रोजगार के संकट को केवल स्टार्टअप के जरिए ही दूर कर सकते हैं। इसके लिए युवाओं को जागरूक करना होगा। यह जागरूकता तभी आएगी जब प्रत्येक शिक्षण संस्थान में स्टार्टअप सेंटर या एंटरप्रिन्योरशिप सेल होगा जहां से छात्र-छात्राएं अपने आइडिया को स्टार्टअप में तब्दील करने की सही जानकारी हासिल कर पाएं।

कानपुर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. आरसी कटियार ने कहा कि अब संस्थानों में युवाओं को रोजगार सृजित करने वाला बनाना होगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और देश तेजी से विकास के पथ पर चल पाएगा।

अमर उजाला | TIEUP | SBERTC

Uththaan

a startup nirman

### इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट के साथ डिग्री कॉलेजों में भी स्टार्टअप को दिया जाएगा बढ़ावा

बैठक में टाई यूपी के प्रेसिडेंट अमित तिवारी ने ऐलान किया कि वह शहर के सभी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मेंटरशिप (गाइडेंस) प्रदान करेंगे जो स्टार्टअप शुरू करने की सोच रखते हैं। इसके लिए शिक्षण संस्थान सीधे टाई यूपी से संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान 'अमर उजाला' कानपुर के महाप्रबंधक रविंद्र सुपेकर, दि इंडस एंटरप्रिन्योर यूपी के प्रेसिडेंट अमित तिवारी, कानपुर एंजल नेटवर्क के फाउंडर मेंबर गोपाल सुतवाला, कानपुर प्लास्टीपैक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज अग्रवाल, नेट प्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड के आरके अग्रवाल, स्टेप एचबीटीआई के कोआर्डिनेटर प्रो. मनोज शुक्ला, यूपीटीटीआई के निदेशक प्रो. मुकेश कुमार, एचबीटीयू के प्रो. कृष्णा राज, कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के नवनीत पाल, पीएसआईटी के गोपाल त्रिवेदी व डॉ. अंकिता, केआईटी के निदेशक डॉ. बृजेश वार्ष्णेय, डॉ. आरएन, मो. आगम सिद्दीकी, अंशु माथुर, सौभाग्य मेहरोत्रा, प्रो. एसके माथुर, रामा यूनिवर्सिटी से शेखर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

आईआईटी में अमर उजाला, एसबीईआरटीसी और टाई यूपी के आयोजन उत्थान अ स्टार्टअप निर्माण' की बैठक में जानकारी देते कानपुर प्लास्टीपैक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज अग्रवाल, टाई यूपी के प्रेसिडेंट अमित तिवारी व सिडबी इनोवेशन के मुख्य अधिकारी प्रो. बीवी फड़ी। अमर उजाला

इंजीनियरिंग संस्थानों के शिक्षकगण व उद्यमी। अमर उजाला

### स्टार्टअप मास्टर क्लास में आ सकते हैं सीएम

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में 27 व 28 जनवरी को स्टार्टअप मास्टर क्लास का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी पूरी संभावना है। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई बड़े उद्यमी शिरकत करेंगे। खास बात है कि इनमें से ज्यादातर उद्यमी आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र हैं। डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रोफेसर बीवी फड़ी ने बताया कि 28 जनवरी को मुख्यमंत्री के आने की संभावना है। इस कार्यक्रम में 60 से ज्यादा मेंटर और 40 से ज्यादा निवेशक शामिल होंगे। ब्यूरो

## शिक्षण संस्थान के जिम्मेदार बोले, शुरू करेंगे स्टार्टअप सेंटर

छात्रों में एंटरप्रेन्योर स्किल डेवलप करने के लिए यह अच्छी पहल है। हमारे इंस्टीट्यूट में भी स्टार्टअप प्रमोशनल एक्टिविटी की जा रही है। अब चूंकि आईआईटी, एसबीईआरटीसी और टाई यूपी का साथ मिलेगा, तो यह काम और तेजी से बढ़ेगा।

**प्रोफेसर मनोज शुक्ला**, कोआर्डिनेटर, स्टेप एचबीटीआई

आईआईटी के सहयोग से पूर्व में भी हमारे यहां कई प्रोग्राम चल रहे हैं। अब स्टार्टअप को लेकर हम भी नई तरह से शुरूआत करेंगे। कोशिश की जाएगी कि एचबीटीयू में हाईटेक स्टार्टअप सेंटर विकसित किया जाए।

**प्रोफेसर कृष्णा राज**, हेड, इंक्यूबेशन सेंटर एचबीटीयू

पीएसआईटी ने स्टार्टअप की ओर अपने कदम बढ़ा लिए हैं। छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। अब आईआईटी का साथ मिलेगा तो छात्रों को सफल स्टार्टअप के लिए ज्यादा प्रेरित किया जा सकेगा।

**डॉ. अंकिता**

कोऑर्डिनेटर, पीएसआईटी

हम अपने इंस्टीट्यूट में स्टार्टअप प्रमोशन लगातार कर रहे हैं। कई छात्रों के पास आइडिया हैं, लेकिन उन्हें इसे आगे ले जाने का तरीका नहीं मालूम है। अब 'उत्थान' कार्यक्रम के तहत ऐसे छात्रों को मदद मिल पाएगी। कॉलेजों में स्टार्टअप सेंटर स्थापित कराने की पहल शानदार है।

**नवनीत पाल**, कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस

टेक्सटाइल के क्षेत्र में स्टार्टअप का बहुत स्कोप है। 'उत्थान' कार्यक्रम के तहत इसमें आईआईटी जैसा संस्थान मदद करेगा तो यह काम और भी आसान हो जाएगा। छात्रों को अब बड़े पैमाने पर स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**प्रो. मुकेश कुमार**, निदेशक, उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

विश्वविद्यालय में जल्द ही स्टार्टअप सेंटर स्थापित किया जाएगा। यहां छात्रों को स्टार्टअप के गुर सिखाए जाएंगे। इसके साथ ही विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में भी स्टार्टअप प्रमोशन के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

**प्रोफेसर आरसी कटियार**, प्रति कुलपति, सीएसजेएम विश्वविद्यालय